रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-72 REGISTERED No. D. (D.N.) 72



भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 4
PART II—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 17] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, अक्तूबर 23, 1986/कार्तिक 1, 1908
No. 17] NEW DELHI, THURSDAY, OCTOBER 23, 1986/KARTIKA 1, 1908

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

रक्षा मंत्रालय

नई दिल्ली, 23 अक्तूबर, 1986

का. नि. आ. 19(अ)—केन्द्रीय सरकार, नौसेना अधिनियम, 1957 (1957 का 62) की धारा 184 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नौसेना (वेतन और भत्ते विनियम, 1966 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित विनियम बनाती है, अर्थात:—

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :—

1. इन विनियमों का नाम नौसेना (वेतन और भत्ते) संशोधन विनियम, 1984 है।

2. नौसेना (वेतन और भत्ते) विनियम, 1966 में—

(1) विनियम 4 में, विद्यमान सारणी के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात:—

सारणी

अधिकारियों के प्रवर्ग	परिशिष्ट
(क) सभी शाखाओं के कमांडर (अधिष्ठायी रैंक) तक के साधारण सूची आफिसर (इसमें नौसेना विमानन और पनडुब्बी शाखाएं सम्मिलित नहीं हैं)।	परिशिष्ट 2
(ख) नौसेना विमानन और पनडुब्बी शाखाओं के कमांडर (अधिष्ठायी रैंक) तक के साधारण सूची आफिसर।	परिशिष्ट 3
(ग)	परिशिष्ट 4
(घ) साधारण सूची (पूर्व शाखा सूची) अधिष्ठायी रैंक के आफिसर	परिशिष्ट 5
(ङ) विशेष कर्तव्य सूची आफिसर (इसमें पनडुब्बी काडर के विशेष कर्तव्य सूची आफिसर सम्मिलित है)	परिशिष्ट 6
(च) मिडशिपमैन	परिशिष्ट 7

(2) विनियम 15 में

(i) उपविनियम (1) में "4(i)" अंकों और कोष्ठकों का लोप किया जाएगा;

(ii) उप विनियम (2) में "परिशिष्ट 4(ii)" शब्द अंकों और कोष्ठकों के स्थान पर "परिशिष्ट 2 और 3" शब्द और अंक रखे जाएंगे।

(iii) उप विनियम (4) में, "परिशिष्ट 3 और 4" शब्दों और अंकों के स्थान पर "परिशिष्ट 3" शब्द और अंक रखे जाएंगे।

(3) विनियम 19 में, उप विनियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात:—

"(2) वेतन वृद्धि उस मास की पहली तारीख से प्रभावी होगी जिसमें वह शोध्य हो, चाहे आफिसर कर्तव्य पर हो या छुट्टी पर (जिसमें सेवा निवृत्ति पूर्व छुट्टी भी है)";

(4) विनियम 21 के पश्चात् निम्नलिखित अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:—

"21 क. युद्ध कैदी रिपोर्ट किए गए आफिसर : (i) आफिसर अपनी रैंक (जिसमें संवत्स कार्यकारी रैंक भी है) के उपयुक्त पूर्ण वेतन और भत्ते, बंदी रूप में शत्रु से उन्हें प्राप्त होने वाले वेतन की वाजब समायोजन के अधीन रहते हुए, पाने के हकदार होंगे। यदि पकड़े जाने के पूर्व पृथकता भत्ता लिया जा रहा था तो वह, भी जारी रहेगा किन्तु ऊंचा स्थान/अस्वास्थ्यकर जल वायु भत्ता संदत्त नहीं किया जाएगा।

(2) उपर्युक्त के अनुसार अनुज्ञेय वेतन और भत्ते, नौसैनिक वेतन कार्यालय द्वारा रखे जाने वाले आफिसरों के व्यक्तिगत वेतन लेखाओं में जमा किए जाते रहेंगे। आफिसरों के जमा खाते रकमों में से, प्रदाय भार साधक आफिसर, नौसैनिक वेतन कार्यालय द्वारा, राज्य के व्यय पर, उप विनियम (3) के अनुसार मासिक आबंटन भेजे जाएंगे।

(3) आफिसरों द्वारा किए गए कुटुम्ब आबंटन, उस अवधि के लिए देय रहेंगे जिसके लिए वेतन अनुज्ञेय है। यदि कोई कुटुम्ब आबंटन नहीं किया जा रहा था तो वेतन और भत्ते के 45% का नया आबंटन कुटुम्ब के लिए किया जाएगा।";

(5) विनियम 23 में, उप विनियम (2) में खंड (ग) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:—

"(ग) आफिसर, जब तट पर हो, तब पोत के भोजन का तथा अन्य सुविधाओं का उपभोग नहीं करते, सिवाए इसके कि वे वस्तु रूप में निशुल्क राशन या उसके बदले में रुपए लेंगे।

6. विनियम 25 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:—

"25. छुट्टी और अस्थायी कर्तव्य के दौरान अनुज्ञेयता :— छुट्टी पर अनुपस्थिति तथा अस्थायी कर्तव्य की अवधि के दौरान भत्ता, निम्नलिखित के अधीन रहते हुए उसकी दर पर अनुज्ञेय होगा, जिस पर वह छुट्टी/अस्थायी कर्तव्य पर जाने से पूर्व लिया जा रहा था,

अर्थात्:—

(क) छुट्टी (सेवा निवृत्ति पूर्व छुट्टी से भिन्न) के दौरान :—

(i) ऐसे आफिसरों की दशा में जो वार्षिक छुट्टी या वार्षिक छुट्टी के साथ संयोजित फर्लो या वार्षिक छुट्टी, यदि कोई हो, के साथ असंयोजित फर्लो पर हो, एक बार में चार मास ;

(ii) ऐसे प्राधिकारियों की दशा में जो रुग्णता छुट्टी पर हों, जिसमें ऊपर उपखंड (i) में उल्लेखित वार्षिक छुट्टी, यदि कोई हो, सम्मिलित है, एक बार में चार मास।

स्पष्टीकरण:—I उपर्युक्त खण्ड (ii) में अधिकथित चार मास की परिसीमा, क्षयरोग/कैंसर और अन्य लंबे समय तक चलने वाली बीमारियों से पीड़ित किसी आफिसर की दशा में, अन्य सभी बातों में इस विनियमों में अधिकथित शर्तों के अधीन रहते हुए, आठ मास तक बढ़ाई जा सकती है। क्षयरोग/कैंसर और अन्य लम्बे समय तक चलने वाली बीमारियों से पीड़ित किसी आफिसर की दशा में, आठ मास से अधिक छुट्टी के दौरान भत्ते की मंजूरी प्रत्येक मामले में सरकार द्वारा गुणाणु के आधार पर विनिश्चित की जाएगी।

स्पष्टीकरण II:—पहले चार मास से अधिक छुट्टी की अवधि के दौरान भत्ते का संदाय निम्नलिखित प्रमाणपत्र दिए जाने पर ही किया जाएगा, वह या उसका कुटुम्ब या दोनों उस अवधि के दौरान जिसके लिए प्रतिकरात्मक (नगर) भत्ते का दावा किया गया है, उसी स्थान (चाहे वह उसकी अर्हक सीमाओं के भीतर हो या किसी पार्श्वस्थ क्षेत्र में) पर निवास करते रहे थे जहां से वह छुट्टी पर गया था।

(ख) तीन मास से अनधिक अस्थायी कर्तव्य के दौरान।

(ग) यदि छुट्टी अस्थायी कर्तव्य के साथ संयोजित है तो छुट्टी के पहले तीन मास के दौरान।

स्पष्टीकरण:— उपर्युक्त विनियम के प्रयोजनार्थ "कुटुम्ब" से अभिप्रेत है आफिसर की / का पत्नी/पति, संतान और उसके साथ निवास करने वाले तथा उस पर पूर्णतया निर्भर अन्य व्यक्ति। ऐसा पति / पत्नी/संतान/माता/पिता जिनकी आय का स्वतंत्र स्रोत है, आफिसर के कुटुम्ब से संबंधित सदस्य नहीं समझे जाएंगे, सिवाय तब जब वह सदस्य केवल 100 रुपए प्रतिमास से अनधिक कुल पेंशन (जिसमें पेंशन में अस्थायी वृद्धि और मृत्यु एवं सेवानिवृत्ति उपदान या अन्य सेवानिवृत्ति प्रसुविधाओं के समतुल्य पेंशन भी सम्मिलित है) प्राप्त कर रहा हो।

(7) विनियम 38 से 42 का लोप किया जाएगा ;

(8) विनियम 44 और 45 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात :—

"44. जब भारत से बाहर जाने वाले आफिसर का कुटुम्ब भारत में किसी चयनित स्थान को जाता है; ऐसे विवाहित आफिसरों की दशा में जिनके कुटुम्ब विदेश में उनके कर्तव्य के स्थान पर साथ नहीं जाते, और एकल आफिसरों की दशा में, विछन्न भत्ता उसी दर पर अनुज्ञेय होगा, जिस पर उन्हें स्थानान्तरण भारत के भीतर होने पर स्थानान्तरण उपदान प्राप्त होता।

विछन्न भत्ते को उपर्यक्त दर पर कोई विनियम प्रतिकर भत्ता अनुज्ञेय नहीं होगा।

45. जब आफिसर की विदेश में मृत्यु हो जाती है।

ऐसे आफिसर की दशा में जिसकी अपने कुटुम्ब के साथ रहते हुए विदेश में मृत्यु हो जाती है और कुटुम्ब सरकारी व्यय पर भारत लौटता है, मृत आफिसर के कुटुम्ब को विनियम 43 में अधिकथित दर पर विछन्न भत्ता संदत्त किया जाएगा।";

(9) विनियम 48क में,—

(i) "गोताखोर प्रतिधारण फीस" शीर्षक के स्थान पर "गोताखोरी भत्ता / प्रतिधारण फीस" शीर्षक रखा जाएगा।

(ii) "और गहरे गोताखोर" शब्दों के स्थान पर "गहरे गोताखोर और निकासी गोताखोर" शब्द रखे जाएंगे।

(iii) मद (i) और (ii) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:—

"(i) निकासी गोताखोर आफिसर 150 रुपए प्रति मास

(ii) गहरे गोताखोर आफिसर 150 प्रति मास

(iii) पेस गोताखोर आफिसर 75 रुपए प्रतिमास"

10. विनियम 49 में सारणी के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात:—

"सारणी

रैंक	नियुक्ति की प्रकृति	भत्ते की दर
1	2	3
(i) रियर एडमिरल	(क) समुद्र पर फ्लैग आफिसर कमांडिंग इंडियन फ्लीट	350 रुपए
(ii) कप्तान	सशस्त्र और समुद्रत पोत की स्वतंत्र कमान	200 रुपए
(iii) कमांडर,	सशस्त्र और समुद्रत पोत की स्वतंत्र कमान	100 रुपए
लेफ्टिनेंट कमांडर, लैफ्टिनेंट	(ख) अन्य	
(i) वाईस एडमिरल	फ्लैग आफिसर कमांडिंग इन चीफ आफिसर	300 रुपए
(ii) रियर एडमिरल	फ्लैग आफिसर कमांडिंग वेस्टर्न फ्लीट	300 रुपये
(iii) रियर एडमिरल	फैलग आफिसर कमांडिंग इस्टर्न फ्लीट	200 रुपए
(iv) रियर एडमिरल	मुख्य कमान धारक फ्लैग आफिसर कमांडिंग इन चीफ कमान धारक नौसेना क्षेत्र	200 रुपए
(v) कमोडोर	कमानधारक कमांडोर भारसाधक नौसेना क्षेत्र	100 रुपए

(II) विनियम 51 के स्थान पर, निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:—

"51 छुट्टी पर अनुपस्थिति, रूग्ण-सूची रियायत या अस्थायी कर्तव्य के दौरान अनुज्ञेयता यह ऐसे स्थायी पदधारियों को अनुज्ञेय होगा जो छुट्टी, सत्कार भत्ते रूग्ण-सूची, रियायत या अस्थायी कर्तव्य के दौरान मनोरंजन भत्ते के हकदार है और जिस तारीख से अर्हक नियुक्ति से उसका नाम काट दिया जाता है उसी तारीख से यह बन्द कर दिया जाएगा।"

12. विनियम 56 में, उपविनियम (i) में, "100 रुपए" अंकों और शब्द के स्थान पर "250 रु." अक्षर और अंक रखे जाएगें।

13. विनियम 59 में, विद्यमान सारणी के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा अर्थात्:—

सारणी

रैंक	मासिक दर	
	पूर्ण दर	आधी दर
(i) कैडेट /मिडशिपमैन /कार्यकारी सब लेफ्टिनेंट /सब लैफ्टिनेंट	35/—रुपए	17.50रु.
(ii) लैफ्टिनेंट और उसके ऊपर	45/—रु.	22.50रु.

(14) विनियम 60 में,—

(ii) उपनियम (ii) के खंड (ड), में "सुरसुरा" के पश्चात् निम्नलिखित अन्त : स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

निस्तार, बेला, वागीर, वागली और वाघ शीर।"

स्पष्टीकरण:— निस्तार, बेला, वाग र, वागली और वाघशीर के आफिसरों और नौसैनिकों को अतिरिक्त धन" उनके आयुक्त होने की तारीख से पूर्ण दरों पर अनुज्ञेय होगा।"

(ii) उपनियम (i) निम्नलिखित नया खंड अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात:—

"(घ) मिसाईल नौकाएं— अतिरिक्त धन, निम्नलिखित मिसाईल नौकाओं पर सेवा का रहे आफिसरों को भी पूर्ण दरों पर देय होगा, अर्थात:— "विनाश, निर्घात विद्युत, निर्भीक, विजेता, नाशक, वीर, निपात, प्रताप प्रलय, प्रबल, प्रचण्ड, चपल चमक, चराग, चातक।

स्पष्टीकरण:— इन नौकाओं के आफिसरों और नौसैनिकों को अतिरिक्त धन, उनके आयुक्त होने की तारीख से अनुज्ञेय होगा —:—

(iii) उपविनियम (2) में, "सुरंग अपमार्जक" शब्दों से आरंभ होने वाले और "कच्छल" शब्द से समाप्त होने वाले भाग के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:—

"(क) सुरंग अपमाजनक:

सागर या बेडा सुरंग अपमार्जक

(ख) भारतीय नौसेना के निम्नलिखित पोत :

"गोदावरी, कुठार, कृपाण, त्रिशूल, तलवार, ब्रह्मपुत्र, ब्यास, बेतवा, कृष्णा, कावेरी, शक्ति, मगर, घड़ियाल, गुलदार, यमुना, इन्वैस्टीगेटर, कमोर्ता, कदमत, किलतान, कवरत्ती, कच्छल अरनाला, एंड्रोथ, अंजदीप, अंदमान, अमीनी, गज, घोरपाड, केसर, शार्दुल, और शरभ, राजपूत, रणजीत और राणा;

(15) विनियम 60 के पश्चात निम्नलिखित उपशीर्ष और विनियम अन्त : स्थापित किया जाएगा, अर्थात्:—

"उच्च स्थान अस्वास्थ्यक जलवायु भत्ता

61. अनुज्ञेयता और दरें : सरकार द्वारा समय समय पर परिभाषित क्षेत्रों में सेवा कर रहे भारतीय नौसेना के अधिकारियों को उच्च स्थान अस्वास्थ्यकर जलवायु भत्ता निम्नलिखित दरों पर और विनियम 156-क के उपविनियम (2) में नौसैनिकों के लिए अधिकथित उन्हीं शर्तों के अधीन रहते हुए अनुज्ञेय होगा।

	रुपए प्रति मास
कार्यकारी सब लेफ्टिनेंट/सब लेफ्टिनेंट	100/—रु.
लैफ्टिनेंट	125/—रु.
लेफ्टिनेंट कमांडर	125—रु.
कमांडर और उससे उपर	200/—रु.

(16) विनियम 70 में, "1400रु. अंकों और अक्षर के स्थान पर जहां कहीं भी वे आते हैं, "2400रु." अंक और अक्षर रखे जाएगें।

(17) विनियम 71 में, "1200" र. अंकों और अक्षर के स्थान पर, "2100रु. अंक और अक्षर रखे जाएंगे।

(18) विनियम 76 में,

(i) शीर्षक के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात :
"केन्द्रीय राज्य सरकारों में सिविल पदों पर प्रतिनियुक्त आफिसर"

(ii) उपविनियम (i) में, "सिविल नियोजक में आफिसर शब्दों" के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"केन्द्रीय/राज्य सरकारों में सिविल पदों पर प्रतिनियुक्त आफिसर, सिवाय उन आफिसरों के जो आसूचना ब्यूरो, गृह मंत्रालय में प्रतिनियुक्त है, और जिन्हें प्राप्य यद्यपि सदा नहीं, सेना वर्दी पहननी पड़ती है,

(19) विनियम 95 में, उपविनियम (2) में, खंड (ख) में" "1800 रु." अंकों और अक्षर के स्थान पर "2000रु." अंक और अक्षर रखे जाएंगे।

(20) उपशीर्ष उड़ान गारंटी, उपशीर्ष और विनियम 98 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:—

"उड़ान वेतन"

"98" अनुज्ञेयता—विमानन शाखा के ऐसे आफिसर जिन्होंने पायलट (पा) और सर्वेक्षकों (स) के रूप में विशेषज्ञता प्राप्त की है और पायलटों तथा सर्वेक्षकों के प्रतिकृत काडरों में आते हैं, अपने सामान्य वेतन और भत्तों के अतिरिक्त विनियम 100 में दी गई दरों पर उड़ान वेतन प्राप्त करेंगे। यह पेंशन और उपदान के सिवाय सभी प्रयोजनों के लिए वेतन समझा जाएगा। उड़ान वेतन प्रादाय भारसाधक आफिसर, नौसेना, वेतन कार्यालय, मुम्बई को निम्नलिखित प्रमाणपत्र देने पर अनुज्ञेय होगा:—

टिप्पण 1 : वे आफिसर जो प्रशिक्षण की अवधि के लिए विनियम 54 के अनुसार उड़ान वेतन प्राप्त करते हैं, इन उपबंधों द्वारा शासित होते रहेंगे।

टिप्पण 2 : उड़ान वेतन सेवा-निवृत्ति पर्यन्त छुट्टी के वार्षिक छुट्टी अंश की अवधि के लिए अनुज्ञेय होगा। सेवानिवृत्ति पर्यन्त छुट्टी के वार्षिक छुट्टी अंश के दौरान में उड़ान वेतन लेने के लिए ऊपर अपेक्षित प्रमाणपत्र देना आवश्यक नहीं होगा।

उड़ान वेतन प्रमाणपत्र

(31 मार्च, 30 जून, 30 सितम्बर और 31 दिसम्बर को समाप्त होने वाली तिमाहियों के अन्त में दिया जाने वाला प्रमाणपत्र)

उड़ान वेतन प्रमाण पत्र

(प्रत्येक मास के अन्त में दिया जाएगा)

प्रमाणित किया जाता है कि (रैंक) ————————(नाम) ————————————(वैयक्तिक सं) ————

शाखा ————————————

(क) *ने उसे दी गई उड़ान सुविधाओं का पर्याप्त उपयोग किया है और दक्षता का स्वीकार्य योग्य स्तर बनाए रखा है;

**को उड़ान की कोई सुविधा या अवसर नहीं मिला, किन्तु वह उड़ान कर्तव्य पर वापस आने पर उड़ान करने में असमर्थ है;

(ख) ने विनियम 101 में विहित अपेक्षाओं का पालन किया है;

(ग) ने सभी जोखिमों, जिनमें उड़ान करना भी है, के लिए कम-से-कम दो लाख रुपए का अतिरिक्त जीवन बीमा लाभ समूह बीमा (नौसेना) स्कीम के माध्यम से प्राप्त कर लिया है:—

*जो लागू न हो, उसे काट दें।

(घ) को उड़ान कर्तव्य के लिए, स्वास्थ्य की दृष्टि से स्थायी रूप से अयोग्य घोषित नहीं किया गया है

कमान/अफसर वरिष्ठ अफसर

(21) विनियम 99 का लोप किया जाएगा;

(22) विनियम 10 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् "100 दरें—(i) आफिसरों का अनुज्ञेय उड़ान वेतन का दरें निम्नलिखित हैं :—

कमांडर और उससे नीचे	750.00 रुपए प्रतिमास
कप्तान	666.00 रुपए प्रतिमास
रियर एडमिरल और उससे ऊपर	600.00 रुपए प्रतिमास

(2) अनुज्ञेयता और उसकी शर्तें—उपर्युक्त दरों पर उड़ान वेतन इस बात के अधीन रहते हुए अनुज्ञेय होगा कि संबद्ध अधिकारी ने समूह बीमा (नौसेना) स्कीम के माध्यम से, सभी जोखिमों के लिए कम-से कम दो लाख रुपए का अतिरिक्त जीवन बीमा लाभ प्राप्त कर लिया हो। आफिसर को उक्त बीमा स्कीम के अधीन अनुज्ञेय उत्तरजीविता फायदे सेवा निवृत्ति/निर्मुक्त पर भी देय होंगे।

(23) (i) विनियम 101 के उप विनियम (i) में, (उड़ान बाउंटी शब्दों के स्थान पर, जहां-जहां भी वे आते हैं "उड़ान वेतन शब्द रखे जाएंगे।

(ii) उपविनियम (i) के पश्चात् निम्नलिखित जोड़ा जाएगा, अर्थात:—

"टिप्पण—समूह बीमा स्कीम के अधीन बीमाकृत राशि और उसके अधीन किया गया अभिदाय 25000 रुपए के न्यूनतम विहित बीमा के लिए और 150 रुपए का औसत मासिक प्रीमियम उड़ान वेतन की बढ़ी हुई दरों की मंजूरी के प्रयोजन के लिए गणना में लिया जाएगा।"

(24) विनियम 102 से 104 तक का लोप किया जाएगा;

(25) (i) विनियम 105 क में, उपविनियम (1) के नीचे सारणी के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात:—

टिप्पण—इस प्रयोजनार्थ वेतन विनियम 35 में यथा परिभाषित होगा।

III ख दरें—भत्ता निम्नलिखित दरों पर अनुज्ञेय होगा:—

(क) प्राथमिक कक्षाएं

(कक्षा 1 से 5) ········ 15 रुपए प्रतिमास प्रति बालक

(ख) माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक कक्षाएं (छठी कक्षा से तीन वर्षीय डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश के प्रक्रम तक) ······ 20 रुपए प्रति मास प्रति बालक

किसी आफिसर को अनुज्ञेय कुल भत्ता एक बार में 60 रुपए प्रतिमास से अधिक नहीं होगा।

टिप्पण:—प्राथमिक कक्षाओं में किंडरगार्टेन और शिशु कक्षाएं सम्मिलित नहीं हैं।

III ग-शर्तें—भत्ता केवल उन्हीं मामलों में अनुज्ञेय होगा जहां कोई व्यक्ति, उस स्थान से, जहां वह तैनात है और/या निवास कर रहा है, दूर किसी स्थान पर अपने बालक या बालकों को विद्यालय भेजने के लिए, निम्नलिखित कारणों से विवश हो:—

(i) उस स्थान पर अपेक्षित स्तर के विद्यालय या विद्यालयों का अभाव स्पष्टीकरण-आंग्ल-भारतीय बच्चों के लिए भारतीय विद्यालय के और भारतीय बच्चों के लिए आंग्ल भारतीय विद्यालय को "अपेक्षित स्तर" का नहीं समझा जाएगा। उसी प्रकार, यदि अपनी धार्मिक अवस्था के सिद्धांतों के कारण दूसरी आस्था के निकाय द्वारा चलाए जा रहे किसी विद्यालय में जाने से कोई बालक निवारित होता है तो समझा जाएगा कि वह विद्यालय "अपेक्षित स्तर" का नहीं है। इसके अतिरिक्त यदि उस विद्यालय में शिक्षण का माध्यम आफिसर की भाषा से भिन्न भाषा है तो भी समझा जाएगा कि वह विद्यालय "अपेक्षित स्तर" का नहीं है।

स्पष्टीकरण 2—यदि किसी आफिसर का स्थानान्तरण उस स्थान से, जहां अपेक्षित स्तर का कोई विद्यालय नहीं है, उस स्थान पर हो जाता है, जहां ऐसा विद्यालय है और यदि वह किसी बालक या किन्हीं बालकों के संबंध में पहले स्थान पर भत्ता प्राप्त कर रहा था तो वह, उसके स्थानान्तरण के समय जिस विद्यालय में उसका/बालक या उसके बालक पढ़

रहा था या पढ़ रहे थे, उनके या उनके शैक्षिक वर्ष की समाप्ति तक उस भत्ते के लिए पात्र रहेगा, परन्तु यह तब जब कि बालक उस विद्यालय में उस अवधि तक अध्ययन करता रहे या करते रहें।

सारणी

रैंक	प्रतिमास रकम
कप्तान	
कमांडर	
लेफ्टिनेंट कमांडर	
लेफ्टिनेंट	550 रुपए
सब-लेफ्टिनेंट	

(ii) उपविनियम (4) के पश्चात् निम्नलिखित उपविनियम अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(5) उपर्युक्त दरों पर पनडुब्बी-वेतन इस बात के अधीन रहते हुए अनुज्ञेय होगा कि सम्बद्ध अधिकारी ने समूह बीमा (नौसेना) स्कीम के माध्यम से गर्भो जोखिमों के लिए कम से कम दो लाख रुपये का अतिरिक्त जीवन बीमा लाभ प्राप्त कर लिया हो। अधिकारियों को उक्त बीमा स्कीम के अधीन अनुज्ञेय उत्तरजीविता फायदे सेवानिवृत्त निर्मुक्त पर भी देय होगा।"

(26) विनियम III, में खंड (ग) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(ग) ऐसे कैडेटों की दशा में, जिनके माता-पिता या अभिभावकों की आय 450-00 रुपए मास से कम है, 55 रुपए प्रतिमास की वित्तीय सहायता;

टिप्पण:—यदि माता-पिता की आय केन्द्रीय/राज्य सरकारों से प्राप्त होती है तो कोई वित्तीय सहायता अनुज्ञेय नहीं होगी;

(27) विनियम III के पश्चात् निम्नलिखित उपशीर्ष और विनियम अन्तःस्थापित किए जाएंगे, अर्थात् :—

"बालक शिक्षा भत्ता"

IIIक-पात्रता-ऐसे आफिसर जिन्होंने कम से कम एक वर्ष सेवा की है और जिनका वेतन 1200 रुपए प्रतिमास से अधिक नहीं है, विनियम IIIख और IIIग में विहित दरों और शर्तों पर बालक शिक्षा भत्ता प्राप्त करेंगे।

स्पष्टीकरण 3.—यदि किसी आफीसर के किसी बालक को, उस स्थान पर जहां तैनात हैं और/या निवास कर रहा हो, "अपेक्षित स्तर" के किसी विद्यालय में, रिक्ति न होने से या किसी अन्य कारणवश प्रवेश देने से इन्कार कर दिया जाता है और बालक को उस आफिसर के कर्तव्य और/या निवास के स्थान से दूर किसी विद्यालय में जाने के लिए विवश होना पड़ता है तो आफिसर भत्ते के लिए उसी प्रकार पात्र होगा, मानों उस स्थान पर अपेक्षित स्तर का कोई विद्यालय नहीं था।

स्पष्टीकरण. 4—उस स्थान पर जहां अपेक्षित स्तर का कोई विद्यालय नहीं है तो भत्ता अनुज्ञेय नहीं होगा यदि निकटतम विद्यालय इस प्रकार स्थित है कि बालक या बालकों को विद्यालय के खुलने के समय के लगभग से जाने और विद्यालय बन्द होने के समय के पश्चात, पर बहुत देर नहीं वापिस लाने के लिए सुविधाजनक रेल या बस सेवा है और एक ओर की यात्रा में एक घंटे से अधिक समय नहीं लगता है, जहां ये शर्तें पूरी न हों वहां उस स्थान से, जहां आफिसर तैनात है, वहां और/या निवास कर रहा है विद्यालय तक की दूरी कितनी भी हो, भत्ता अनुज्ञेय नहीं होगा।

(ii) फील्ड स्टेशन पर तैनाती,

(iii) ऐसे नाजुक क्षेत्र में तैनाती जहां कुटुम्ब के प्रधान के साथ कुटुम्ब का रहना विनिर्दिष्टतः विवर्जित है।

(3) घ—जहां भत्ते के लिए दावा किया जाता है वहां एकक/विरचना: का कमांडिंग आफिसर दावे के साथ निम्नलिखित प्रमाणपत्र देगा :

(क) तैनाती के स्थान पर अपेक्षित स्तर के विद्यालय की अनुपलभ्यता, या तैनाती के स्थान पर अपेक्षित स्तर के विद्यालय की उपलभ्यता किन्तु शैक्षिक प्राधिकारियों से अभिप्राप्त सूचना के आधार पर वहां प्रवेश देने से इन्कार।

(ख) यूनिट को ऐसे फील्ड/नाजुक क्षेत्र में अवस्थिति जहां कुटुम्ब के प्रधान के साथ कुटुम्ब का रहना विनिर्दिष्टतः विवर्जित है।

(28) विनियम 129 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:—

"वार्षिक वेतनवृद्धियां उस मास की पहली तारीख से अनुज्ञात की जाएंगी जिसमें वे देय होती हैं।",

(29) विनियम 131 के पश्चात् निम्नलिखित विनियम अन्तः स्थापित किया जाएगा अर्थात् :—

131. क प्रोन्नति पर वेतन का नियतन: (1) जब किसी नौसैनिक की प्रोन्नति अगले उच्चतर रैंक में हो जाती है तो निचले रैंक में एक वेतनवृद्धि के बराबर एक अभिप्रायात्मक रकम, प्रोन्नति की तारीख को उस व्यक्ति द्वारा वर्तमान में लिए जा रहे वेतन में जोड़ दी जाएगी और तत्पश्चात् उसका वेतन उच्चतर रैंक के वेतनमान में अगले उच्चतर प्रक्रम पर नियत किया जाएगा।

(2) निम्नतर वेतनमान के अधिकतम पर गतिरुद्ध नौसैनिकों के संबंध में अभिप्रायात्मक वेतन, उपर्युक्त उपविनियम (1) के अधीन अभिप्रायात्मक वेतन से ऊपर अगले प्रक्रम पर उच्चतर वेतनमान में वेतन नियत किए जाने से पूर्व निम्नतर वेतनमान में अंतिम वेतनवृद्धि के बराबर रकम वेतन में जोड़ कर संगणित की जाएगी।

(3) मास्टर चीफ पैटी मास्टर 2 वर्ग के रैंक में प्रोन्नति पर, चीफ पैटी आफिसर के रूप में लिए जा रहे आधारित वेतन में सद्व्यवहार बैज वेतन भी जोड़ दिया जाएगा और तत्पश्चात् उपर्युक्त उपविनियमों के अनुसार वेतन नियत किया जाएगा।";

(30) विनियम 132 के पश्चात निम्नलिखित अन्तः स्थापित किया जाएगा, अर्थात: "132 के युद्धबंदी रिपोर्ट किए गए नौसैनिक को वेतन और भत्तों की अनुज्ञेयता :

(क) युद्धबंदी रिपोर्ट किए गए नौसैनिक—ऐसे नौसैनिक (जिसमें अवैतनिक कमीशन रैंक धारक भी हैं) जो युद्धबंदी बना लिए गए हैं, सामान्य वेतन और भत्तों के हकदार होंगे, किन्तु बंदी के रूप में शत्रु से प्राप्त होने वाले वेतन को समायोजित किया जाएगा। किसी नौसैनिक (जिसमें अवैतनिक कमीशन रैंक धारक भी है) के युद्धबंदी के रूप में वेतन और भत्ते तब समाहृत कर लिए जायेंगे जब उसे सेवा से पदच्युत/सेवोन्मुक्त कर दिया जाता है या उसके आचरण के परिणामस्वरूप जिस के कारण शत्रु ने उसे बन्दी बना लिया हो या युद्ध बंद के रूप में शत्रु के हाथों में उसके आचरण के परिणामस्वरूप उसे कोई और दंड दिया गया हो। ऐसी पदच्युति/सेवोन्मुक्ति/दंड, नौसैनिक अधिकरण द्वारा विचारण के परिणामस्वरूप, या जांच न्यायालय की कार्यवाहियों या अन्य अन्वेषणों के आधार पर नौसेना अधिनियम भाग 3 के उपबंधों के अधीन प्रशासनिक रूप से हो सकता है।

स्पष्टीकरण ऊपर निर्दिष्ट पद "वेतन और भत्ते" में विशेष रक्षितावस्थान्तर भत्ता भी सम्मिलित है। यदि बन्दी बनाए जाने से पूर्व उच्च स्थानीय/अस्थायी कार

जलवायु भत्ता दिया जा रहा था तो वह बन्द कर दिया जाएगा और नीचे की सारणी में दी गई दरों पर एक विशेष प्रतिकारात्मक भत्ता अनुज्ञेय होगा :—

सारणी

नौसैनिक का रैंक	प्रति मास रकम
अवैतनिक कमीशंड आफिसर	34
एम सी पी ओ–I और II	29
सी पी ओ/पी ओ	22
एल एस	19
एस ई ए–I एस ई II	17

(ख) कुटुम्ब आवंटन—यदि कैदी बनाए जाने से पूर्व से ही कुटुम्ब आवंटन दिए जा रहे थे तो वे दिए जाते रहेंगे । जहां आवंटनों का संदाय नहीं किया जा रहा वहां नौसैनिक की शुद्धि परिलब्धियों के 60 प्रतिशत तक नए आवंटन दिए जा सकते हैं परन्तु यह तब जबकि :

(I) वह आवंटिती (आवंटितियों) का पोषण कर रहा था ;

(II) आवंटिती (आवंटितियों) को आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, और

(III) संबद्ध पोत/स्थापन के कमान आफिसर की मंजूरी प्राप्त कर ली गई है ।"

(31) विनियम 134–क और 134–ख के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"134–क–पात्रता (1) ऐसे सभी नौसैनिक (जिसमें वे भी सम्मिलित हैं, जो कमीशंड आफिसरों के रूप में अवैतनिक रैंक धारण कर रहे हैं) जिन्होंने कम से कम एक वर्ष सेवा की है और जिनका वेतन 1200 रु. प्रतिमास से अधिक नहीं है, पश्चात्वर्ती विनियमों में दी गई दरों और शर्तों पर बालक शिक्षा भत्ता प्राप्त करेंगे ।

(2) केन्द्रीय सरकार के अधीन किसी विभाग या कार्यालय में की गई सभी सेवा बालक शिक्षा भत्ते को पात्रता के लिए एक वर्ष की सेवा की गणना करने के प्रयोजनार्थ हिसाब में ली जाएगी ।

(3) सशस्त्र बल/केन्द्रीय सरकार सेवा से सेवानिवृत्ति या सेवोन्मुक्ति से पूर्व की गई सेवा, पुनर्नियोजित सैनिक/सिविल पेंशन-भोगियों की दशा में उपर्युक्त भत्ते की मंजूरी के लिए एक वर्ष की अर्हक अवधि की गणना करने के लिए हिसाब में ली जाएगी, परन्तु यह तब जब कि उनकी पुनर्नियोजित सेवा और उनकी पूर्वतर सेवा निरन्तर है और सेवानिवृत्ति या सेवोन्मुक्ति अनुशासनिक आधारों पर या उनके अपने अनुरोध पर नहीं थी ।

(4) इस प्रयोजन के लिए वेतन, विनियम 146 में यथा-परिभाषित होगा ।

134ख दरें—भत्ता निम्नलिखित दरों पर अनुज्ञेय होगा :—

(क) प्राथमिक कक्षाएं :—

(कक्षा 1 से 5) ..... 15 रुपए प्रति बालक ।

(ख) माध्यमिकता उच्चतर माध्यमिक कक्षाएं :—(कक्षा 6 से तीन वर्षीय डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश के प्रारम्भ तक) 20 रु. प्रति बालक ।

सेना कार्मिक को किसी एक समय पर अनुज्ञेय कुल भत्ता 60 रुपए प्रति मास से अधिक नहीं होगा ।

टिप्पण :—प्राथमिक कक्षाओं में किंडरगार्डन और शिशु कक्षाएं सम्मिलित नहीं हैं ।"

(32) विनियम 134–ग के पश्चात निम्नलिखित अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"134–घ(1) तारीख 1-11-73 से बालक शिक्षा भत्ता केवल उन्हीं मामलों में अनुज्ञेय होगा, जहां कोई व्यक्ति, उस स्थान से जहां वह तैनात है और/या निवास कर रहा है, दूर अपने बालक या बालकों को भेजने के लिए निम्नलिखित में से किसी कारण से विवश है" :—

(क) उस स्थान पर अपेक्षित स्तर के विद्यालय या विद्यालयों का अभाव ।

स्पष्टीकरण 1: आंग्ल भारतीय बच्चों के लिए भारतीय विद्यालय के और भारतीय बच्चों के लिए आंग्ल भारतीय विद्यालय को "अपेक्षित स्तर" का नहीं समझा जाएगा । उसी प्रकार, यदि अपनी धार्मिक आस्था के सिद्धांतों के कारण दूसरी आस्था के निकाय द्वारा चलाए जा रहे किसी विद्यालय में जाने से कोई बालक निवारित होता है तो समझा जाएगा कि वह विद्यालय "अपेक्षित स्तर" का नहीं है । इसके अतिरिक्त यदि उस विद्यालय में शिक्षण का माध्यम आफिसर की भाषा से भिन्न भाषा है तो भी समझा जाएगा कि वह विद्यालय "अपेक्षित स्तर" का नहीं है ।

स्पष्टीकरण 2: यदि किसी आफीसर का स्थानान्तरण उस स्थान से जहां अपेक्षित स्तर का कोई विद्यालय नहीं है, उस स्थान पर हो जाता है जहां ऐसा विद्यालय है और यदि वह किसी बालक या किन्हीं बालकों के संबंध में पहले स्थान पर भत्ता प्राप्त कर रहा था तो वह, उसके स्थानान्तरण के समय जिस विद्यालय में उसका बालक या उसके बालक पढ़ रहा था पढ़ रहे थे, उसके शैक्षिक वर्ष की समाप्ति तक उस भत्ते के लिए पात्र रहेगा परन्तु यह तब जब कि बालक उस विद्यालय में उस अवधि तक अध्ययन करता रहे या करते रहें ।

स्पष्टीकरण 3: यदि किसी आफीसर के किसी बालक को, उस स्थान पर जहां वह तैनात है और या निवास कर रहा है, "अपेक्षित स्तर" के किसी विद्यालय में, रिक्ति न होने से या किसी अन्य कारणवश प्रवेश देने से इन्कार कर दिया जाता है और बालक को उस आफीसर के कर्तव्य के और/या निवास के स्थान से दूर किसी विद्यालय में जाने के लिए विवश होना पड़ता है तो आफिसर भत्ते के लिए उसी प्रकार पात्र होगा, मानों उस स्थान पर अपेक्षित स्तर का कोई विद्यालय नहीं था ।

स्पष्टीकरण 4: उस स्थान पर जहां अपेक्षित स्तर का कोई विद्यालय नहीं है तो भत्ता अनुज्ञेय नहीं होगा यदि निकटतम विद्यालय इस प्रकार स्थित है कि बालक या बालकों को विद्यालय के खुलने के समय लगभग ले जाने और विद्यालय बन्द होने के समय के पश्चात् पर बहुत देर से नहीं वापस लाने के लिए सुविधाजनक रेल या बस सेवा है और एक ओर की यात्रा में एक घंटे से अधिक समय नहीं लगता है । जहां ये शर्तें पूर्ण न हों, वहां भत्ता, उस स्थान से, जहां आफिसर तैनात है/और/या निवास कर रहा है विद्यालय की दूरी चाहे कितनी भी हो अनुज्ञेय होगा ।

(ख) फील्ड स्टेशन पर तैनाती ,

(ग) ऐसे नाजुक क्षेत्र में तैनाती जहां कुटुम्ब के प्रधान के साथ कुटुम्ब का रहना विनिर्दिष्टतः विवर्जित है ।

(घ) ऐसे पैटी आफिसरों सीडिय नाविकों और नाविका I और II के लिए जो प्राधिकृत विवाहित स्थापन में हैं और जिन्हें क्वार्टर के बदले प्रतिकर नहीं दिया जाता है, वे विवाहित आवास भत्ते उपलब्धता ।

(ङ) ऐसे पैटी आफिसरों, लीडिंग नाविक और नाविक I और II के लिए जो प्राधिकृत विवाहित स्थापन में नहीं हैं और जो क्वार्टर के बदले में प्रतिकर मंजूर किए जाने के लिए पात्र नहीं है, विवाहित आवास की उपलब्धता ।

(च) पैटी आफिसरों लीडिंग नाविकों और नाविक I और नाविक II को विवाहित आवास का आवंटन जो एक पूर्ण शैक्षिक वर्ष के लिए नहीं है, परन्तु यह तब जब सरकारी आवास खाली करने पर वह व्यक्ति क्वार्टर के बदले में प्रतिकर का हकदार नहीं होगा ।

(ii) ऐसे बालकों की बाबत जिनके लिए 31 अक्तूबर, 1973 को बालक शिक्षा भत्ता अनुज्ञेय था, विनियम 134-क और के उस पश्चात्वर्ती विनियम में समाविष्ट आदेशों के अनुसार भत्ता पुनरीक्षित दरों पर और भले ही उपर्युक्त शर्तों का समाधान न हो तब तक अनुज्ञेय रहेगा जब तक वह वे उसी स्थान या उसी जिले के भीतर पढ़ते रहे वहां वह/वे 31 अक्तूबर, 1973 को अध्ययन कर रहा था या कर रहे थे और उस अवधि तक दिया जाएगा जब तक वे भत्ता मंजूर किए जाने के लिए अन्यथा पात्र थे या हैं ।

(iii) उपर्युक्त निबन्धों और शर्तों के अधीन रहते हुए ऐसे सेना कार्मिकों को जो नेपाल सिक्किम और भूटान के नागरिक हैं भारत में विद्यालयों में अध्ययनरत बालकों के अतिरिक्त उन बालकों के संबंध में भी बालक शिक्षा भत्ता दिया जा सकता है जो उनके देश/राज्य में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं ।

(iv) जहां बालक शिक्षा भत्ते के लिए दावा किया जाता है वहां यूनिट/विरचना का कमान आफिसर दावे के साथ निम्नलिखित प्रमाणपत्र भेजेगा :

(क) तैनाती के स्थान पर अपेक्षित स्तर के विद्यालय की अनुलब्धता या तैनाती के स्थान पर अपेक्षित स्तर के विद्यालय की अपर्याप्तता किन्तु शैक्षिक प्राधिकारियों से अनिप्राप्त सूचना के आधार पर वहां प्रवेश से इन्कार ।

टिप्पण:—सभी पूर्ववर्ती मामलों में कमान आफिसर या विभागाध्यक्ष संबंधित शैक्षिक प्राधिकारियों से सूचना अनिप्राप्त किए बिना ही उपर्युक्त प्रमाणपत्र दे सकता है यदि समय बीत जाने के कारण ऐसी जानकारी एकत्रित करने में कठिनाई है ।

(ख) ऐसे फील्ड/नाजुक क्षेत्र में यूनिट की अवस्थिति जहां कुटुम्ब के प्रधान के साथ कुटुम्ब का रहना विनिर्दिष्टतः विवर्जित है ।";

(33) विनियम 135-क में "80 प्रतिशत" अंक के स्थान पर "100 प्रतिशत" अंक रखा जाएगा ।"

(34) विनियम 145 में "80% अंक के स्थान पर "100%" अंक रखा जाएगा ।

(35) विनियम 148 में के उप विनियम (1) में, विद्यमान सारणी के स्थान पर निम्नलिखित सारणी रखी जाएगी, अर्थात्:—

"गहराई जल या दबाव के नीचे रहने के समय के अनुसार दर

फैदम	मीटर	पैसे प्रति मिनट
(क) 20 तक	36.58	10
(ख) 20 से 30	36.58 से 54.86	15
(ग) 30 से 40	54.86 से 73.15	20
(घ) 40 से 50	73.15 से 91.44	30
(ङ) 50 से 60	91.44 से 109.73	40
(च) 60 से 75	109.73 से 137.16	55
(छ) 75 से 100	137.16 से 182.88	70

(36) विनियम 148-क के विनियम (1) में विद्यमान सारणी के स्थान पर निम्नलिखित सारणी रखी जाएगी, अर्थात्:—

"सारणी	रुपए प्रतिमास
निकासी गोताखोर प्रथम वर्ग	75
निकासी गोताखोर द्वितीय वर्ग	65
निकासी गोताखोर तृतीय वर्ग,	55

(37) विनियम 149 में उपविनियम (1) में,

मद "(ii) गोताखोर" और उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:—

"पोत गोताखोर	75 रु० प्रतिमास
गहरे गोताखोर	98 रु० प्रतिमास"

(38) विनियम 150 के शीर्षक में "परीक्षा" शब्द के स्थान पर "प्रयास" शब्द रखा जाएगा ।

(39) शीर्षक "उड्डयन बाउटी" और विनियम 151 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा अर्थात्:—

"उड्डयन वेतन

(151) (दरें) मंजूरीकृत रिक्ति पर कार्य कर रहे वायुकर्मी को, उसकी वायु कर्मीदल सेवा की अवधि के दौरान, उसके सामान्य वेतन और भत्तों के अतिरिक्त, प्रतिमास 374 रु. 50 पैसे उड्डयन वेतन संदत्त किया जायेगा । इसे पेंशन और उपदान के सिवाय सभी प्रयोजनों के लिए वेतन समझा जाएगा ।

(2) अनुज्ञेयता और उसकी शर्तें संदाय निम्नलिखित शर्तों के अधीन रहते हुए होगा :—

(क) वायुकर्मी सशस्त्र बल कार्मिक भविष्य निधि को ऐसे अभिदाय की न्यूनतम अनिवार्य दर के अतिरिक्त विमानन के जोखिमों को समाविष्ट करने वाली सावधी बीमा पालिसी/ पालिसियों (भारतीय जीवन बीमा निगम या डाक जीवन बीमा निधि) को चलाने के लिए उसके द्वारा संदत्त प्रीमियमों की मासिक रकम तथा 75 रु. के बीच अन्तर की रकम का सशस्त्र बल कार्मिक भविष्य निधि में अभिदाय करना है । ऐसा अतिरिक्त अभिदाय उस मास से अगले मास के वेतन से प्रारम्भ होगा जिसमें वह उड्डयन वेतन के लिए अर्हता प्राप्त करता है ।

(ख) वायुकर्मी ने समूह बीमा (नौसेना) स्कीम के माध्यम से सभी जोखिमों के लिए कम से कम एक लाख रु० का अतिरिक्त जीवन-बीमा लाभ प्राप्त कर लिया है । कार्मिकों को उक्त बीमा-स्कीम के अधीन अनुज्ञेय उत्तरजीविका के फायदे सेवानिवृत्ति/निर्मुक्ति पर भी देय होंगे ।

(3) निम्नलिखित प्रमाण-पत्र देने पर उड्डयन वेतन दिया जाएगा:—

उड्डयन वेतन प्रमाणपत्र

(31 मार्च, 30 जून, 30 सितम्बर और 31 दिसम्बर को पड़ने वाली तिमाहियों के अंत में दिया जाएगा)

प्रमाणित किया जाता है कि (सेवा सं.) .....

(रैंक) ..... (नाम) .....

(ट्रेड) .....

*(क) ने उसे दी गई उड्डयन सुविधाओं का पर्याप्त उपयोग किया है और प्रवीणता का स्वीकार्य स्तर बनाए रखा है ।

*उसे उड़ाने की सुविधा का अवसर प्राप्त नहीं था किन्तु उड्डयन कर्तव्यों पर वापिस जाने पर वह उड्डयन करने में समर्थ है ।

*जो लागू न हो उसे काट दें ।

(ख) ने अस्त्र बल कार्मिक भविष्य निधि/अनिवार्य बीमा सुरक्षा में न्यूनतम अतिरिक्त अभिदाय से संबंधित शर्तें पूरी कर दी हैं।

(ग) को उड़ान कर्त्तव्यों के लिए स्वास्थ्य की दृष्टि से स्थायी रूप से अयोग्य घोषित नहीं किया गया।

कमान आफिसर/विंग आफिसर

टिप्पण 2: उड़ान-वेतन सेवानिवृत्ति पर्यन्त छुट्टी के वार्षिक छुट्टी अंश की अवधि के लिए अनुज्ञेय होगा।

सेवानिवृत्ति पर्यन्त छुट्टी के वार्षिक छुट्टी अंश के दौरान में उड़ान वेतन लेने के लिए ऊपर अपेक्षित प्रमाण पत्र देना आवश्यक नहीं होगा।

उड़ान-वेतन प्रमाण-पत्र

(31 मार्च, 30 जून, 30 सितम्बर और 31 दिसंबर को समाप्त होने वाली तिमाहियों के अन्त में दिया जाने वाला प्रमाण पत्र)

(40) विनियम 152 के उपविनियम (2) में,

"100 रु." अंकों और अक्षरों के स्थान पर "250 रु." अंक और अक्षर रखे जाएंगे।

(41) विनियम 154 के उप विनियम (2) में, "2 रुपये" अंक और अक्षर के स्थान पर "7 रुपये" अंक और अक्षर रखे जाएंगे।

(42) विनियम 155 में,

(i) उप विनियम (1) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"अतिरिक्त धन उन नौसैनिकों को, जिनमें वे भी हैं जो रिकार्ड पार्टियों के हैं, विनियम 58 में विनिर्दिष्ट शर्तों के अधीन और विनियम 60 में अधिकथित अलयामों के वर्गीकरण के अनुसार, पूर्ण या आधी दर पर देय होगा।";

(ii) उपविनियम (2) में, सारणी के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"सारणी

नौसैनिक	मासिक दरें	
	पूर्ण दर	आधी दर
मास्टर मुख्य पेटी आफिसर I और II	35.00	17.50
मुख्य पेटी आफिसर	35.00	17.50
पैटी आफिसर	30.00	15.00
मुख्य नाविक	30.00	15.00
नाविक I और II	25.00	12.50
परिचर (बार्ए)	20.00	10.00"

(43) विनियम 156 के पश्चात् निम्नलिखित शीर्षक और विनियम अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"उच्च स्थान/अस्वास्थ्यकर जलवायु भत्ता

156क अनुज्ञेयता और दरें—सरकार द्वारा समय-समय पर परिभाषित क्षेत्रों में सेवा कर रहे नौसैनिकों को उच्च/अस्वास्थ्यकर जलवायु भत्ता निम्नलिखित शर्तों पर अनुज्ञेय होगा :

	प्रतिमास रुपए
मास्टर मुख्य पैटी आफिसर I और II	90
मुख्य पैटी आफिसर	
पैटी आफिसर	70
मुख्य नाविक	
नाविक I और II	50

(2) यह भत्ता उस तारीख से अनुज्ञेय होगा जिसको उस क्षेत्र में किसी यूनिट/विरचना में तैनात किए जाने पर कोई व्यक्ति विनिर्दिष्ट क्षेत्र में पहुंचता है; यह उस तारीख को समाप्त हो जाएगा जिसको वह उस क्षेत्र को छोड़ता है।

अपवाद : ऐसा व्यक्ति जो निम्नलिखित में से एक या अधिक परिस्थितियों में अधिकतम 14 दिन तक उसक्षेत्र से अनुपस्थित रहा हो भत्ता प्राप्त करता रहेगा परन्तु यह तब तक जब वह उस क्षेत्र में लौट आता है जिसमें भत्ता अनुज्ञेय है :

(i) जब वह रुग्ण व्यक्तियों की सूची में हो;

(ii) जब वह आकस्मिक छुट्टी पर हो;

(iii) जब वह अस्थायी कर्त्तव्य पर हो;

स्पष्टीकरण 1: भत्ता ऐसे व्यक्तियों को अनुज्ञेय नहीं होगा जो अन्यत्र कोई पद धारण कर रहे हों और विनिर्दिष्ट क्षेत्र में अल्पायी कर्त्तव्य पर जाएं। तथापि, भत्ता ऐसे व्यक्तियों को अनुज्ञेय होगा जो अन्यत्र पद धारण कर रहे हों और 14 दिन से अधिक की निरन्तर अवधि के लिए विनिर्दिष्ट क्षेत्र में किसी यूनिट आदि से संबंद्ध हों और ऐसा कोई वैतनिक भत्ता प्राप्त नहीं कर रहे हैं जो अस्थायी कर्त्तव्य पर जाने वाले व्यक्तियों को अनुज्ञेय है।

स्पष्टीकरण 2: ऐसे व्यक्ति जो विनिर्दिष्ट क्षेत्र में टुकड़ियों में सेवा कर रहे हैं, भत्ते की अनुज्ञेयता के प्रयोजनार्थ तैनात समझे जाएंगे यदि टुकड़ियां उस क्षेत्र में 14 दिन से अधिक की निरंतरता अवधि तक अन्य नियोजित की जाती हैं। इसके विपरीत, ऐसी यूनिटों/विरचनाओं के, जो परिभाषित क्षेत्र में स्थित है, व्यक्ति, जो टुकड़ियों के साथ उस क्षेत्र से बाहर चले जाते हैं भत्ते के पात्र नहीं रहेंगे यदि टुकड़ियां 14 दिन से अधिक की निरन्तर अवधि के लिए उस क्षेत्र से बाहर रहती हैं।

स्पष्टीकरण 3: वार्षिक छुट्टी रुग्णता या आकस्मिक छुट्टी से भिन्न किसी अन्य छुट्टी पर क्षेत्र से अनुपस्थिति के दौरान किसी व्यक्ति को भत्ता अनुज्ञेय नहीं होगा।

स्पष्टीकरण 4: एक अर्हक क्षेत्र से दूसरे को संक्रमण के दौरान भत्ता अनुज्ञेय होगा।

(3) रियायती क्षेत्र के लिए अनुज्ञेय विशेष प्रतिकरात्मक भत्ता, इस भत्ते के अतिरिक्त अनुज्ञेय नहीं होगा।"

(44) विनियम 162 में, खंड (ख) के पश्चात् निम्नलिखित अन्त स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(ङ) ऐसे बाह्य स्थानों पर राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैंपों में उपस्थित रहने के दौरान (i) 30 दिन तक कमांडर राष्ट्रीय कैडेट कोर ग्रुप मुख्यालय

जब सरकार राशन को आपूर्ति नहीं कर सकती। (ii) 30 दिन के पश्चात् निदेशक राष्ट्रीय कैडेट कोर राज्य"

(45) विनियम 172-ख के पश्चात् निम्नलिखित उपशीर्ष और विनियम अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"समुद्री कर्तव्य भत्ता"

172.ग—अनुज्ञेयता और दर : यह भत्ता पोत पर सेवा कर रहे सभी नाविकों को जिनमें अस्थायी कर्त्तव्य पर लगाए गए व्यक्ति भी हैं उन अवधियों के दौरान अनुज्ञेय होगा जब उनके पोत बेस पतन से यथार्थ में दूर हों

रैंक	प्रतिमास रुपए
मास्टर मुख्य पैटी आफिसर I और II	53
मुख्य पैटी आफिसर	
पैटी आफिसर	38
मुख्य नाविक	33
नाविक I और II	30";

(46) विनियम 174 में, सारणी के स्थान पर, निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"सारणी

प्रवर्ग		प्रतिवर्ष रुपए
प्रथम वर्ग सर्वेक्षण अभिलेखक	मास्टर मुख्य पैटी आफिसर वर्ग I और II	700
	मुख्य पैटी आफिसर	600
	पैटी आफिसर और उससे नीचे	500
	द्वितीय वर्ग सर्वेक्षणों अभिलेखक	400
	तृतीय वर्ग सर्वेक्षण अभिलेखक	300

(47) विनियम 176 में, उपविनियम (1) में, सारणी में मुख्य पैटी आफिसर से संबंधित प्रविष्टियों से पूर्व, निम्नलिखित प्रविष्टियां अन्तःस्थापित की जाएंगी, अर्थात् :—

"रेटिंग	दैनिक दर	मासिक सीमा
मास्टर मुख्य पैटी आफिसर I और II	2 रुपए	अधिकथित नहीं है।

(48) (1) विनियम 176-क में, उपविनियम (1) में, सारणी के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"सारणी

रैंक	प्रतिमास रुपए
मास्टर मुख्य पैटी आफिसर I और II	350 रुपए
मुख्य पैटी आफिसर	300 रुपए
पैटी आफिसर	275 रुपए
मुख्य नाविक	265 रुपए
नाविक I और II	250 रुपए"

(II) उपविनियम (4) के पश्चात् निम्नलिखित उपविनियम अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(5) उपर्युक्त दरों पर पनडुब्बी वेतन इस बात के अधीन रहते हुए अनुज्ञेय होगा कि संबद्ध कार्मिक ने समूह बीमा (नौसेना) स्कीम के माध्यम से, सभी जोखिमों के लिए कम-से-कम एक लाख रुपए का अतिरिक्त जीवन बीमा लाभ प्राप्त कर लिया हो। कार्मिक को उक्त बीमा स्कीम के अधीन अनुज्ञेय उत्तरजीविता के फायदे सेवा निर्मुक्ति पर भी देय होंगे।

(49) विनियम 176-क के पश्चात्, निम्नलिखित उपशीर्ष और विनियम अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"176-ख आशुलिपि भत्ता—(क) एक लीडिंग राइटर राइटर को तब जब वह कप्तान द्वारा समादिष्ट पोतों में या स्क्वाड्रन के लीडरों में आशुलिपिक के कर्त्तव्यों का निष्पादन कर रहे हों, (ख) एक मुख्य पैटी आफिसर राइटर/पैटी आफिसर राइटर को जो फ्लैग आफिसर कमांडिंग, भारतीय बेड़ा के कार्मचारीवृन्द में हों और आशुलिपिक के कर्त्तव्यों का निष्पादन कर रहे हों निम्नलिखित शर्तों पर, 30 रुपए प्रतिमास की दर से आशुलिपिक भत्ता अनुज्ञेय होगा :

(i) यह भत्ता केवल तभी संदत्त किया जाएगा जब उस व्यक्ति को अर्हित आशुलिपिक निर्णित किया गया हो और वह विहित व्यवसाय परीक्षाएं उत्तीर्ण कर ले।

(ii) भत्ता केवल तभी अनुज्ञेय होगा जब व्यक्ति पोत पर सेवा रहा हो और सिविल कर्मचारीवृन्द उपलब्ध न हों।

(50) विनियम 177क के पश्चात् निम्नलिखित उपशीर्ष और विनियम अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"कारावास/निरोध अधिनिर्णीत नाविकों के कुटुम्बों को निर्वाह भत्ता

177-ख-अनुज्ञेयता और दर : ऐसे विवाहित नाविकों के कुटुंब को, जिनके लिए कमान आफिसर या सेना न्यायालय द्वारा कारावास या निरोध अधिनिर्णीत किया जाता है किन्तु जिन्हें सेवा से पदच्युत नहीं किया जाता है, 60 रुपए प्रतिमास निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। भत्ता उस अवधि के दौरान देय होगा जिसमें वेतन और भत्ते समपहृत कर लिए जाते हैं। भत्ते को ऐसे व्यक्तियों को बाद में परिहार या दोषमुक्ति के रूप में उपलब्ध होने वाले किन्हीं पावनों मद्धे समायोजित किया जाएगा।

टिप्पण : जब उपर्युक्त रकम मनीआर्डर से भेजी जाती है तो मनीआर्डर का कमीशन सरकार पर प्रभारित किया जाएगा।"

(51) विनियम 178-क के पश्चात् निम्नलिखित उपशीर्ष और विनियम अन्तः स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"बोनस

178-ख बोनस की अनुज्ञेयता-प्रत्येक नाविक के व्यक्तिगत चालू लेखा खाता में, प्रत्येक तिमाही के अन्त में लेखा खाता में विद्यमान जमा खाते अतिशेष की, उसमें से तिमाहियों के अंतिम मास के शुद्ध वेतन और भत्ते छोड़कर, 50 रुपए की प्रत्येक पूर्ण राशि पर 43.75 रुपए की दर से बोनस जमा किया जाएगा। बकाया में 50 रुपए से कम की राशियों को छोड़ दिया जाएगा।

उन व्यक्तियों की दशा में, जिनकी मृत्यु हो जाती है, बोनस उस तिमाही के पूर्ववर्ती तिमाही के अंतिम दिन तक जमा किया जाएगा जिसमें उनके खाते अंतिम रूप से बंद किये जाते हैं।

उस बोनस पर कोई आयकर प्रभारित नहीं किया जाएगा।";

(52) विनियम 191 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:—

"191 पन्द्रह अगस्त, 1947 के पश्चात् दिए गए शूरता अलंकरण-वर और शर्तें (1) किसी आफिसर या नाविक को दिए गए शूरता अलंकरणों से संलग्न मासिक विशेष पेंशन की दरें निम्नलिखित होंगी :—

शूरता पारितोषिक		प्रतिमास पेंशन
		रुपए
(क)	(1) परम वीर चक्र	100.00
	(2) परमवीर चक्र की प्रत्यक पट्टी	40.00
(ख)	(1) महावीर चक्र	75.00
	(2) महावीर चक्र की प्रत्येक पट्टी	25.00
(ग)	(1) वीर चक्र	50.00
	(2) वीर चक्र की प्रत्येक पट्टी	20.00
(घ)	(1) अशोक चक्र	90.0
	(2) अशोक चक्र की प्रत्येक पट्टी	35.00
(ङ)	(1) कीर्ति चक्र	65.00
	(2) कीर्ति चक्र की प्रत्येक पट्टी	20.00
(च)	(1) शौर्य चक्र	40.00
	(2) शौर्य चक्र की प्रत्येक पट्टी	16.00

उक्त दरें 1 जनवरी, 1972 से प्रभावी होंगी और 15 अगस्त, 1947 के पश्चात् दिए गए सभी पारितोषिकों को लागू होंगी ।

(2) पेंशन उस कार्य/घटना की तारीख से अनुतोष होगी जिसकी बाबत अलंकरण प्रदत्त किया गया है ।

(3) एक समय में केवल एक अलंकरण (और उसकी एक या अधिक पट्टियों के लिए) पेंशन ली जाएगी और उच्चतर अलंकरणों के प्रदान किए जाने की तारीख से पेंशन की वह दर छोड़ दी जाएगी जो कम अनुकूल है।

(4) पेंशन अलंकरण प्राप्त करने वाले की मृत्यु तक अनुतोष होगी, और उसकी मृत्यु पर उसकी ऐसी विधवा को, जिसके साथ उसका विधिपूर्ण विवाह विधिमान्य संस्कार से हुआ था, अनुतोष होगी, और वह अपने पुनर्विवाह या मृत्यु पर्यन्त पेंशन प्राप्त करती रहेगी ;

परन्तु यदि विधवा अपने स्वर्गीय पति के भाई से पुनर्विवाह करती है और मृतक के ऐसे अन्य जीवित उत्तराधिकारियों के साथ निवास करती रहती है जो कुटुम्ब पेंशन के पात्र हैं तो उसे ऐसा संदाय किया जाता रहेगा ।

स्पष्टीकरण:—साधारणतया, किसी आफिसर/नाविक को देय पेंशन उसकी मृत्यु पर उस विधवा को निहित हो जाती है जो उसकी पहली पत्नी थी । किन्तु केन्द्रीय सरकार की विशेष मंजूरी से, ऐसी पेंशन को प्राप्तिकर्ता की, यदि पेंशन उस विधवा को जो प्राप्तिकर्ता की पहली पत्नी थी, इससे इसके पूर्व उपबंधित के अनुसार देय नहीं रहती तो सभी विधवाओं के बीच बराबर बांटा जा सकता है और सभी विधवाओं को पेंशन संदाय समाप्त हो जाएगी ।

(5) यदि किसी अविवाहित पुरुष को मरणोपरांत पारितोषिक दिया जाए तो मौद्रिक भत्ता उसके पिता या माता को दिया जाएगा और यदि मरणोपरांत पारितोषिक पाने वाला विधुर हो तो भत्ता 18 वर्ष से कम के यथास्थिति उसके पुत्र या अविवाहित पुत्री को संदत्त किया जाएगा ।

(6) निम्नलिखित अपराधों के लिए सिद्धदोष ठहराए जाने पर इस विनियम के अधीन पेंशन समपहृत करली जाएगी और भारत के राजपत्र में पारितोषिक का समपहरण अधिसूचित किए जाने की तारीख से बंद कर दी जाएगी, अर्थात् :—

(क) देशद्रोह

(ख) राजद्रोह

(ग) विद्रोह

(घ) कायरता

(ङ) संघर्ष के दौरान अभित्यजन

(च) हत्या

(छ) डकैती

(ज) बलात्संग

(झ) अप्राकृतिक अपराध

समपहृत पेंशन पारितोषिक के भारों के राजपत्र में यथा अधिसूचित प्रायोदर्शन पर संदेय हो जाएगी ;

(53) विनियम 209 और 210 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"209 आफिसरों की बाबत प्रतिकर (1) यदि किसी आफिसर की वैयक्तिक सम्पत्ति, जैसे उपस्कर, वस्त्र (जिसमें वैयक्तिक वस्त्र भी हैं) पुस्तकें, यंत्र औजार या उपसाधन नीचे अणित परिस्थितियों में गुम, क्षतिग्रस्त या नष्ट हो जाते हैं तो सरकार उस आफिसर को प्रतिकर देने के लिए दायी होगी परन्तु यह तब जब कि वह हानि, क्षति या नाश दावेदार की उपेक्षा के कारण नहीं हुआ है ।

(1) जब हानि, क्षति या नाश, किसी शत्रु या विप्लव कारियों की कार्रवाई से हुआ हो ;

(2) जब हानि, क्षति या नाश तब किसी दुर्घटना के कारण हुआ हो जब वह व्यक्ति कर्तव्य पर, सड़क, नदी, रेल, समुद्र, वायु मार्ग से यात्रा कर रहा हो ;

(3) जब वस्तुओं की हानि, क्षति या नाश किसी नौसैनिक पोत सरकारी भवन में, जो सरकार के स्वामित्व में हो या किराये अथवा भाड़े पर हो, या समुचित प्राधिकार के अधीन और किसी मान्यताप्राप्त सेवा के प्रयोजनार्थ प्रयुक्त किसी टैंट में हुआ हो, परन्तु यह तब जब उस आफिसर के पास अपने कर्तव्यों के निर्वहन के लिए उस आवास में रहने के अतिरिक्त कोई विकल्प न हो ;

(4) जब रेल, सड़क, वायुमार्ग नदी या समुद्र मार्ग से यात्रा में वस्तुओं की हानि, क्षति या नाश हो जाता है परन्तु यह तब जब वे उस समय सरकार के प्रभारांधीन और अभिरक्षा में थी ;

(5) जब वस्तुएं सक्षम प्राधिकारी के आदेश के अधीन नष्ट की जाती हों,

(6) जब वस्तुओं की हानि, क्षति या नाश कर्तव्यों के निर्वहन के के दौरान होता है।

2. प्रतिकर प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा संयोजित जांच बोर्ड की सिफारिशों के आधार पर मंजूर किया जाएगा । ऐसी मदों की बाबत जो आफिसरों द्वारा सज्जा भत्ते में से क्रय की जानी अपेक्षित है, इस बात का निर्धारण जांच बोर्ड करेगा कि नष्ट हो गई मद की लागत और कमीशन किए जाने के समय किए गए प्रारम्भिक सज्जा भत्ते में से क्रय की गई सभी मदों की कुल लागत के बीच का अनुपात क्या है और प्रतिकर प्रारम्भिक सज्जा भत्ते के उसी अनुपात तक सीमित होगा ।

3. ऐसे उपस्कर, वस्त्र या अन्य आवश्यक वस्तुएं, जो मुफ्त दी जाती हैं, जांच बोर्ड की सिफारिशों पर सरकार द्वारा बदले में दी जाएगा।

4. वस्त्रों (जिनमें वैयक्तिक वस्त्र भी हैं), उपस्कर और वस्तुओं की ऊपर वर्णित परिस्थितियों में होने वाली हानि के लिए प्रतिकर जांच बोर्ड द्वारा सिफारिश किए जाने पर, प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा मंजूर किया जा सकता है किन्तु यह प्रत्येक अलग-अलग मामले में 1000/- रुपए तक सीमित होगा। आभूषणों, प्रशीतकों, वातानुकूलकों तथा अन्य मूल्यवान वस्तुओं के लिए प्रतिकर नहीं दिया जाएगा। सक्षम प्राधिकारी, प्रतिकर की रकम का निर्धारण करते समय वस्तुओं का लागत मूल्य उपयोग की अवधि और उनके अवक्षयण को भी संगणना में लेगा। यदि जांच बोर्ड उपर्युक्त रकम से अधिक प्रतिकर की सिफारिश करता है तो मामला गुणावगुण के आधार पर विचारण के लिए सरकार को निर्दिष्ट किया जा सकता है।

210. नाविकों की दशा में प्रतिकर (1) यदि नाविक की वैयक्तिक संपत्ति, जैसे, उपस्कर, वस्त्र (जिनमें वैयक्तिक वस्त्र भी हैं), पुस्तकें, यंत्र, औजार, या उपसाधन नीचे वर्णित परिस्थितियों में गुम, क्षतिग्रस्त या नष्ट हो जाते हैं तो सरकार उस नाविक को प्रतिकर देने के लिए दायी होगी परन्तु यह तब जब कि वह हानि, क्षति या नाश, दावेदार की उपेक्षा के कारण नहीं हुआ है।

(i) जब हानि, क्षति या नाश, किसी शत्रु या विप्लवकारियों कार्रवाई से हुआ हो;

(ii) जब हानि, क्षति या नाश तब किसी दुर्घटना के कारण हुआ हो जब वह व्यक्ति, कर्तव्य पर, सड़क, नदी, रेल, समुद्र या वायु मार्ग से यात्रा कर रहा हो;

(iii) जब वस्तुओं की हानि, क्षति या नाश किसी नौसैनिक पोत या सरकारी भवन में जो सरकार के स्वामित्व में हो या किराए अथवा भाड़े पर हो, या समुचित प्राधिकार के अधीन और किसी मान्यताप्राप्त सेवा के प्रयोजनार्थ प्रयुक्त किसी टेंट में, हुआ हो परन्तु यह तब जब उस व्यक्ति के पास अपने कर्तव्यों के निर्वहन के लिए उस आवास में रहने के अतिरिक्त कोई विकल्प न हो;

(iv) जब रेल, सड़क, वायुमार्ग, नदी या समुद्र मार्ग से यात्रा में वस्तुओं की हानि, क्षति या नाश हो जाता है परन्तु यह तब जब वे उस समय सरकार के प्रभाराधीन और अभिरक्षा में थीं;

(v) जब वस्तुएं सक्षम प्राधिकारी के आदेश के अधीन नष्ट की जाती हैं;

(vi) जब वस्तुओं की हानि, क्षति या नाश कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान होता है;

(2) प्रतिकर, जांच बोर्ड की सिफारिशों के आधार पर प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा मंजूर किया जाएगा।

वैयक्तिक वस्त्रों की बाबत अधिकतम सीमा "अवरुद्ध दरें" होगी।

(3) ऐसे उपस्कर, वस्त्र या अन्य आवश्यक वस्तुएं जो मुफ्त दी जाती हैं, जांच बोर्ड की सिफारिशों पर सरकार द्वारा बदले में दी जाएंगी।

(4) वस्त्रों (जिनमें वैयक्तिक वस्त्र भी हैं), उपस्कर और वस्तुओं की ऊपर वर्णित परिस्थितियों में होने वाली हानि के लिए प्रतिकर, जांच बोर्ड द्वारा सिफारिश किए जाने पर, प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा मंजूर किया जा सकता है किन्तु वह प्रत्येक अलग-अलग मामले में 500 रुपए तक सीमित होगी। आभूषणों, प्रशीतकों, वातानुकूलकों तथा अन्य मूल्यवान वस्तुओं के लिए प्रतिकर नहीं दिया जाएगा। सक्षम प्राधिकारी, प्रतिकर की रकम का निर्धारण करते समय वस्तुओं का लागत मूल्य, उपयोग की अवधि और उनके अवक्षयण को भी संगणना में लेगा। सिविल वस्त्रों की दशा में प्रतिकर सिविल वस्त्र भत्ते तक निर्बंधित होगा। यदि जांच बोर्ड उपर्युक्त रकम से अधिक प्रतिकर की सिफारिश करता है तो मामला गुणावगुण के आधार पर विचारण के लिए सरकार को निर्दिष्ट किया जा सकता है।

54. उक्त विनियमों के विनियम 220 में निम्न रूप में संशोधन किया जाएगा :—

उपर्युक्त विनियमन की पंक्ति 2 में आने वाले शब्द "प्रतिकर" के पश्चात् "उससे भिन्न जो विनियम 209 और 210 अधीन है", शब्द अन्तःस्थापित किए जाएंगे।

(55) विनियम 246 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"246. सीमाशुल्क के संदाय के लिए अग्रिम —ऐसे आफिसरों के जो विदेश में नियमित पद धारण कर रहे हैं और वे जिन्हें विदेशी सरकारों को प्रतिनियुक्ति पर भेजा जाता है, जिनकी कार्यावधि एक वर्ष या अधिक है, जो विनियम 245 के अधीन मोटर कार के लिए अग्रिम लेने के हकदार हैं, केन्द्रीय सरकार, विदेश में क्रय की गई और उनके द्वारा स्थानांतरण पर भारत में लाई जा रही कारों पर सीमाशुल्क देने में उन्हें समर्थ बनाने के लिए अग्रिम मंजूर कर सकती है। ऐसे अग्रिम मंजूर करने के लिए सक्षम प्राधिकारी, भारत सरकार है।

टिप्पण. सीमा शुल्क के संदाय के लिए मंजूर किए गए अग्रिम पर कोई ब्याज प्रभार्य नहीं होगा।

(2) भारत में सीमाशुल्क के संदाय के लिए अग्रिम को पृथक अग्रिम माना जाएगा और उसे मोटर कार के क्रय के लिए पहले से मंजूर अग्रिम यदि कोई है, के साथ आमेलित नहीं किया जाएगा।

(3) सीमाशुल्क के संदाय के लिए अग्रिम की रकम 12000 रुपए या वास्तव में संदेय सीमाशुल्क होगी। यदि किसी आफिसर ने मोटर कार के क्रय के लिए पहले ही उधार लिया है और वह पूर्णतः प्रतिसंदत्त नहीं है तो सीमाशुल्क उधार और मोटर कार-उधार का बकाया मिलाकर 14000 रुपए या 14 मास का वेतन (100 रुपए प्रतिमास से कम वेतन लेने वाले आफिसरों की दशा में 17 मास का वेतन) दोनों में से जो भी कम हो, उससे अधिक नहीं होगा।

टिप्पण - सीमाशुल्क के संदाय के लिए मंजूर किए गए अग्रिम की रकम, किसी भी दशा में, वास्तव में संदेय सीमाशुल्क से अधिक नहीं होगी।

(4) सीमाशुल्क—अग्रिम की रकम, संबद्ध आफिसरों को जो सीमाशुल्क के संदाय के लिए तत्पश्चात प्रतिपूर्ति की जाने वाली रकम मद समायोजित की जाएगी। यदि अग्रिम की मूल रकम, प्रवृत्त आदेशों के अनुसार, प्रतिपूर्ति की गई रकम मद्धे पूर्णतया समायोजित नहीं की जा सकती है तो बकाया रकम, उस मास से, जिसमें सीमाशुल्क की प्रतिपूर्ति की जाती है, अगले मास से संबद्ध आफिसर के वेतन से एकमुश्त वसूल की जाएगी।

(5) ऐसे आफिसर की दशा में जो सेवानिवृत्त होने वाला है, वसूली इस प्रकार विनियमित की जाएगी कि सेवानिवृत्ति से पूर्व उस आफिसर को अंतिम वेतन देने के समय तक अग्रिम का बकाया पूर्णतया वसूल हो जाए।

(6) सीमाशुल्क के संदाय के लिए अग्रिम विदेश भेजे जाने वाले उन आफिसरों को अनुज्ञेय नहीं होगा जो विनियम 245 के अधीन मोटर कार के लिए अग्रिम के हकदार नहीं हैं, अर्थात् वे जिन्हें विदेश अस्थायी कर्तव्य पर प्रतिनियुक्ति पर भेजा जाता है।

(7) मोटर कार के क्रय के लिए अग्रिम की मंजूरी के लिए विहित अन्य शर्तें सीमाशुल्क के संदाय के लिए अग्रिम की दशा में यथावश्यक परिवर्तन सहित लागू होंगी।

(8) निम्नलिखित उधारों के लिए निष्पादित किए जाने वाले बंधक पत्र के प्ररूप परिशिष्ट 11-ग और 11-घ में अधिकथित है :—

(क) जब मोटरकार के क्रय या सीमाशुल्क के संदाय के लिए केवल एक अग्रिम मंजूर किया जाता है या जब दोनों प्रयोजनों के लिए केवल एक अग्रिम मंजूर किया जाता है;—परिशिष्ट 11-ग और,

(ख) जहां सीमाशुल्क के संदाय के लिए अग्रिम पूर्वतर अग्रिम से मोटरकार क्रय किए जाने के पश्चात् मंजूर किया जाता है—परिशिष्ट 11-घ।";

(56) विनियम 246 के पश्चात् निम्नलिखित विनियम अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"246-क-अतिरिक्त शर्तें—उन मामलों में जहां आफिसर विनियम 246 के अधीन उधार लेने के हकदार हैं किन्तु विदेश में क्रय करके भारत में लाई गई कारों पर, जिन पर साधारणतया आयात अनुज्ञप्ति अनुज्ञेय है, सीमा शुल्क की प्रतिभूति के लिए हकदार नहीं हैं, उधार निम्नलिखित शर्तों के अधीन रहते हुए :—

(क) सीमाशुल्क के संदाय के लिए उधार की रकम 12000 रुपए या वास्तव में संदेय सीमाशुल्क तक निर्बन्धित होगी। इसके अतिरिक्त सीमाशुल्क उधार तथा कार के क्रय के लिए उससे पूर्व लिए गए, किन्तु प्रतिसंदत्त नहीं किए गए उधार, यदि कोई है, की बाबत बकाया अनिशेष, कुल मिलाकर 14000 रुपए या 14 मास के वेतन (1000 रुपए प्रतिमास से कम वेतन ले रहे आफिसर की दशा में 17 मास के वेतन) से अधिक नहीं होना चाहिए।

(ख) इस अग्रिम की मंजूरी की सीमाशुल्क की प्रतिभूति का दावा करने के लिए तर्क के रूप में दिया जाएगा और दावा सर्वथा सरकार द्वारा इस विषय पर जारी किए गए आदेशों से शासित होगा।

(ग) आफिसर को तब तक कार का विक्रय करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा जब तक अग्रिम का संदाय नहीं हो जाता।

(घ) मिशन के प्रधान और रक्षा मंत्रालय को यह प्रमाणित करना होगा कि विदेश में तैनाती के देश या देशों में सरकारी सेवक द्वारा कार रखना लोकहित में आवश्यक था और भारत में उसके कर्तव्यों के दक्ष निर्वहन के लिए भी आवश्यक होगा।

(ङ) अग्रिम की कोई रकम और ब्याज के परावेय रहने तक कार को पूर्णतः बीमाकृत रखा जाएगा, जिसमें व्यक्तियों द्वारा अलवा और सिविल अशांति की बाबत बीमा भी सम्मिलित है।

(च) भारत में सीमाशुल्क के संदाय के लिए अग्रिम को पृथक अग्रिम, माना जाएगा और उसे मोटरकार के क्रय के लिए पहले से मंजूरीकृत अग्रिम यदि कोई है, के साथ आमेलित नहीं किया जाएगा।

(छ) सीमाशुल्क के संदाय के लिए मंजूर किया गया अग्रिम अधिक से अधिक साठ किस्तों में वसूली होगा। सीमाशुल्क अग्रिम की वसूली को, मोटरकार के क्रय के लिए मंजूर किए गए पूर्वतर अग्रिम, यदि कोई हो, की बकाया वसूलियों से संबद्ध नहीं किया जाएगा। पूर्वतर अग्रिम की वसूलियों, इस अग्रिम की मंजूरी के पश्चात् भी, मंजूरी के निबंधनों के अनुसार की जाएंगी।

(ज) नियुक्त होने वाले आफिसर की दशा में सीमाशुल्क अग्रिम की वसूली, किस्तों की रकम बढ़ाकर इस प्रकार विनियमित की जाएगी कि सेवानिवृत्ति से पूर्व आफिसर द्वारा अंतिम वेतन लेने से पूर्व ही वह अग्रिम और उस पर ब्याज की पूर्ण वसूली हो जाए।

(झ) स्थायीकृत या अस्थायी आफिसर की दशा में, उधार मंजूर करने से पूर्व तुलनीय या उच्चतर प्रास्थिति के किसी स्थायी केन्द्रीय सरकारी सेवक से प्रतिभूतिभूति अभिप्राप्त की जानी चाहिए।

(ञ) उधार मंजूर करने के लिए सक्षम प्राधिकारी भारत सरकार होगी। मोटरकार के क्रय के लिए अग्रिम की मंजूरी के लिए विहित अन्य शर्तें इस अग्रिम के मामले में आवश्यक परिवर्तनों सहित लागू होंगी।

